चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 31.7.21 | 5 | 3-7 |


# जैविक उत्पादों की सत्यापन एजेंसी बनाने की सिफारिश करेगी समिति

## राज्य याचिका समिति ने एचएयू का किया दौरा, विधानसभा में उठाया जाएगा मुद्दा

माई सिटी रिपोर्टर




हिसार के एचएयू में पहुंची विधानसभा राज्य याचिका समिति के सदस्यों के साथ कुलपति बीआर कांबोज व अन्य। संवाद

हिसार। हरियाणा विधानसभा राज्य याचिका समिति के विधायक जहर मुक्त खेती कर रहे किसानों के उत्पादों के सत्यापन को लेकर एजेंसी बनाने की सिफारिश और समर्थन करेंगे, ताकि उन्हें जैविक खेती का प्रमाण पत्र मिल सके और वे प्रमाणिकता के साथ अपने उत्पाद को निर्यात कर सकें।

यह बात शुक्रवार को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में पहुंचे हरियाणा सरकार की विधानसभा राज्य याचिका समिति के विधायक सदस्यों ने कही। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा किसानों के लिए किए जा रहे विभिन्न कार्यों, सुविधाओं व व्यवस्था का जायजा लिया।

एचएयू के दीन दयाल उपाध्याय जैविक उत्कृष्टता केंद्र में पहुंचे विधायकों ने वैज्ञानिकों से प्रदेश में आर्गेनिक खेती करने वाले किसानों को प्रमाण पत्र देने संबंधी प्रश्न पूछा तो विवि के वैज्ञानिकों ने कहा कि सरकार द्वारा इससे संबंधित ड्राफ्ट तैयार किया जा चुका है और इसे विधानसभा में पेश किया जाना है। इस पर विधायकों ने कहा कि हम इस मुद्दे का विधानसभा में उठाएंगे और ड्राफ्ट पेश किए जाने का समर्थन करेंगे।

कमेटी के चैयरमेन घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि विश्वविद्यालय किसानों के लिए निरंतर प्रयासरत है। किसानों को विभिन्न फसलों की उन्नत किस्में व आधुनिक तकनीकें विश्वविद्यालय द्वारा मुहैया करवाई जा रही हैं। इसलिए किसानों को विश्वविद्यालय के साथ जोड़कर मिलने वाली सभी जानकारियों व सुविधाओं का भरपूर फायदा उठाना चाहिए।

इस मौके पर गोहाना के विधायक जगबीर सिंह मलिक, झज्जर की विधायक गीता भुक्कल, महम के विधायक बलराज कुंडू, रादौर के विधायक संजय सिंह, कलानौर की विधायक शकुंतला खटक, कैथल के विधायक लीलाराम, कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज, कुलसचिव डॉ. राजवीर सिंह, ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, अनुसंधान' निदेशक डॉ. एसके सहरावत, विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रामनिवास ढांडा, नवीन जैन, एसवीसी कपिल अरोड़ा मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरिभूमि | 31.7.21 | 9 | 5-8 |

**योगदान** — हरियाणा विधानसभा स्टेट पीटीशन कमेटी सदस्यों ने किया एचएयू का दौरा

# हकृवि की बदौलत केंद्रीय खाद्यान भंडारण में प्रदेश का महत्वपूर्ण स्थान : अरोड़ा

**चेयरमैन अरोड़ा की अध्यक्षता में पहुंचे मनानीय विधायक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में प्रदेश सरकार की विधानसभा स्टेट पीटीशन कमेटी की एक बैठक आयोजित हुई। इस बैठक का आयोजन यमुनानगर के विधायक एवं कमेटी के चेयरमैन घनश्याम दास अरोड़ा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक उपरांत सभी विधायकों को विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों व फार्म भ्रमण कराया गया। कमेटी के चेयरमैन घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि विश्वद्यिालय किसानों के लिए निरंतर प्रयासरत है जिसकी बदौलत केंद्रीय खाद्यान भंडारण में प्रदेश का महत्वपूर्ण स्थान है। इसके अलावा किसानों की फसलों की पैदावार निरंतर बढ़ रही है और किसानों को विभिन्न फसलों की उन्नत किस्में व आधुनिक तकनीकें विश्वविद्यालय द्वारा मुहैया करवाई जा रही हैं। इसलिए किसानों को भी विश्वविद्यालय के साथ जोड़ा जा रहा है।



हिसार। हकृवि प्रोफेसर बीआर काम्बोज के साथ मीटिंग के दौरान उपस्थित पीटीशन कमेटी सदस्य।

## इन स्थानों को किया भ्रमण

भ्रमण का नेतृत्व करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने बताया कि कमेटी को कपास अनुभाग, गिरी सेंटर, दीन दयाल उपाध्याय जैविक उत्कृष्टता केंद्र, एग्री बिजनेस इंक्युबेशन सैंटर, कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, केंद्रीय लैब आदि का भ्रमण कराया गया। सभी विधायकों ने एक स्वर में विश्वविद्यालय द्वारा किसानों के हित के लिए किए जा रहे अनुसंधान कार्यों की तारीफ की।

## कमेटी में ये भी शामिल

बैठक में गोहाना के विधायक जगबीर सिंह मलिक, झज्जर की विधायक गीता भुक्कल, महम के विधायक बलराज कुंडू, राढौर के विधायक संजय सिंह,कलानौर की विधायक शकुंतला खटक, कैथल के विधायक लीलाराम सहित विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजवीर सिंह, ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, अनुसंधान निदेशक डॉ. एसके सहरावत, विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रामनिवास ढांडा, वित्त नियंत्रक नवीन जैन, एसवीसी कपिल अरोड़ा सहित सभी महाविद्यालयों कें अधिष्ठाता तथा निदेशक ने उनका स्वागत किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 31.7.21 | 3 | 6.8 |

**कृषि विश्वविद्यालय पहुंचे विधायक**

# 'माननीयों' ने कहा, वैज्ञानिकों की सलाह किसानों के लिए टॉनिक



हिसार कृषि विश्वविद्यालय का दौरा करते विधानसभा याचिका समिति के सदस्य। -निस

हिसार, 30 जुलाई (निस)

हरियाणा विधानसभा की याचिका कमेटी के सदस्य शुक्रवार को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में पहुंचे। कमेटी के चेयरमैन घनश्याम दास अरोड़ा समेत अन्य विधायकों ने विश्वविद्यालय के कुलपति और वैज्ञानिकों के साथ चर्चा की और जाना कि किसानों के लिए वैज्ञानिकों की सलाह कितनी उपयोगी होती है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने बताया कि विधानसभा की याचिका कमेटी के सदस्यों को कपास अनुभाग, गिरी सेंटर, दीन दयाल उपाध्याय जैविक उत्कृष्टता केंद्र, एग्री बिजनेस इंक्युबेशन सेंटर, कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, केंद्रीय लैब का भ्रमण कराया गया। सभी विधायकों ने एक स्वर में विश्वविद्यालय द्वारा किसानों के हित के लिए किए जा रहे अनुसंधान कार्यों व समय-समय पर दी जाने वाली कृषि सलाह को बहुत ही उपयोगी बताया। कमेटी के चैयरमेन घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि विश्वविद्यालय किसानों के लिए निरंतर प्रयासरत है, जिसकी बदौलत केंद्रीय खाद्यान भंडारण में प्रदेश का महत्वपूर्ण स्थान है। इसके अलावा किसानों की फसलों की पैदावार निरंतर बढ़ रही है और किसानों को विभिन्न फसलों की उन्नत किस्में व आधुनिक तकनीकें विश्वविद्यालय द्वारा मुहैया करवाई जा रही हैं। बैठक में गोहाना के विधायक जगबीर सिंह मलिक, झज्जर की विधायक गीता भुक्कल, महम के विधायक बलराज कुंडू, रादौर के विधायक संजय सिंह, कलानौर की विधायक शकुंतला खटक, कैथल के विधायक लीलाराम आदि मौजूद थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 31.7.21 | 1 | 1-4 |

**दौरा** • विस स्टेट पिटीशन कमेटी के 7 सदस्यीय दल ने ढाई घंटे तक लिया एचएयू का जायजा

# ऑर्गेनिक खेती रजिस्ट्रेशन का रास्ता जल्द हो सकता है साफ

भास्कर न्यूज | हिसार

हरियाणा सरकार की विधानसभा स्टेट पिटीशन कमेटी के चेयरमैन समेत 7 सदस्यों ने शुक्रवार को एचएयू का दौरा किया। आर्गेनिक फार्म से लेकर जैविक उत्कृष्टता केंद्र का जायजा लिया। इस दौरान बैठक की गई।'

कमेटी के चेयरमैन घनश्यामदास अरोड़ा ने कहा कि ऑर्गेनिक खेती के रजिस्ट्रेशन का जल्द प्रयास किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन का प्रस्ताव यदि विधानसभा में पहुंचता है तो उसे पास कराने का प्रयास किया जाएगा। ताकि किसानों को ऑर्गेनिक खेती के सर्टिफिकेट के लिए परेशानी न हो।



एचएयू वीसी प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज के साथ स्टेट पिटीशन कमेटी सदस्य।

सात सदस्यीय कमेटी के सदस्य कमेटी के चेयरमैन घनश्याम दास अरोड़ा के नेतृत्व में शुक्रवार को दोपहर 12 बजे पहुंचे। यहां पर करीब ढाई घंटे तक रहकर एचएयू के विभिन्न विभागों का जायजा लिया। बैठक बाद सभी विधायकों को विश्वविद्यालय के कपास अनुभाग, गिरी सेंटर, दीन दयाल उपाध्याय जैविक उत्कृष्टता केंद्र, एग्री बिजनेस इंक्युबेशन सेंटर, कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, केंद्रीय लैब आदि का भ्रमण कराया गया। विधायकों ने एक स्वर में विश्वविद्यालय द्वारा किसानों के हित के लिए किए जा रहे अनुसंधान कार्यों व समय-समय पर दी जाने वाली कृषि सलाह को बहुत ही उपयोगी बताया। एचएयू वीसी प्रो. बीआर काम्बोज ने ऑर्गेनिक खेती के रजिस्ट्रेशन के संबंध में सीएम और कृषि मंत्री को ड्राफ्ट भेजा है। इसमें बताया गया है कि किसी एजेंसी को रजिस्ट्रेशन की जिम्मेदारी मिलने के बाद ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही रजिस्ट्रेशन के लिए किसानों को दर दर की ठोकरें नहीं खानी पड़ेगी।

### दल में यह रहे शामिल

चेयरमैन घनश्याम दास अरोड़ा, गोहाना के विधायक जगबीर सिंह, झज्जर की विधायक गीता भुक्कल, महम विधायक बलराज कुंडू, रादौर विधायक संजय सिंह, कलानौर विधायक शकुंतला खटक, कैथल विधायक लीलाराम।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 31.7.21 | 2 | 5-6 |

## कौशल विकास कार्यक्रम के तहत राखी बनाने का प्रशिक्षण दिया, पौधे भी लगाए

**सिटी रिपोर्टर** • एचएयू के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय की ओर से गांव बुड़ाक में कौशल विकास एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीण लड़कियों व महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए कौशल विकास कार्यक्रम के तहत राखी बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। कॉलेज के पारिवारिक संसाधन विभाग की डॉ. किरण सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय कृषि एवं विज्ञान कोष (आईसीएआर) की परियोजना के तहत यह कार्यक्रम किया गया। इस दौरान महिलाओं को आत्मनिर्भर व आर्थिक रूप से सक्षम होने के लिए कौशल प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कोमल ने किया जिसमें डॉ. नरेश, सरपंच मेवा सिंह, प्रिंसीपल गायत्री, सुमन आदि मौजूद थे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पल पल | 30.07.2021 | -- | -- |

# वैज्ञानिकों ने महिलाओं को सिखाया राखी बनाना

**पल पल न्यूज: हिसार, 30 जुलाई।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय की ओर से गांव बुड़ाक में कौशल विकास एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीण लड़कियों व महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए कौशल विकास कार्यक्रम के तहत राखी बनाने का प्रशिक्षण दिया गया । कॉलेज के पारिवारिक संसाधन विभाग की डॉ. किरण सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय कृषि एवं विज्ञान कोष ( आईसीएआर ) की परियोजना के तहत यह कार्यक्रम किया गया। इस दौरान महिलाओं को आत्मनिर्भर व आर्थिक रूप से सक्षम होने के लिए कौशल प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि अगस्त माह में राखी का त्यौहार आने वाला है। ऐसे में महिलाओं को कम लागत में राखी बनाने का प्रशिक्षण बहुत ही कारगर साबित हो सकता है। इसके अलावा भविष्य में भी इसी प्रकार कौशल विकास कार्यक्रम के तहत महिलाओं को स्वावलंबी

कराया गया। कार्यक्रम के दौरान गांव के राजकीय उच्च विद्यालय एवं पशु चिकित्सालय में पौधारोपण किया गया। साथ ही ग्रामीणों को फलदार व छायादार पौधे वितरित किए गए और उन्हें फलों की महत्ता से अवगत कराया गया। ग्रामीणों को अधिक से अधिक



पौधे लगाने का आह्वान करते हुए वैज्ञानिकों ने

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 30.07.2021 | -- | -- |

# एचएयू के होम साइंस कॉलेज की वैज्ञानिकों ने महिलाओं को सिखाया राखी बनाना

## गांव बुड़ाक में कौशल विकास एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय की ओर से गांव बुड़ाक में कौशल विकास एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीण लड़कियों व महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए कौशल विकास कार्यक्रम के तहत राखी बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। कॉलेज के पारिवारिक संसाधन विभाग की डॉ. किरण सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय कृषि एवं विज्ञान कोष (आईसीएआर) की परियोजना के तहत यह कार्यक्रम किया गया। इस दौरान महिलाओं को आत्मनिर्भर व आर्थिक रूप से सक्षम होने के लिए कौशल प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि अगस्त माह में राखी का त्यौहार आने वाला है। ऐसे में महिलाओं को कम लागत में राखी बनाने का प्रशिक्षण बहुत ही कारगर साबित हो सकता है। इसके अलावा भविष्य में भी इसी प्रकार कौशल विकास कार्यक्रम के तहत महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए इस तरह के प्रशिक्षण दिए जाएंगे। इस प्रशिक्षण के तहत महिलाओं को उत्पादों की मार्केटिंग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। महिलाओं को व्हाटसएप, इंस्टाग्राम व अन्य सोशल साइटस के माध्यम से मार्केटिंग करने के तरीकों से अवगत कराया गया।



*हिसार। कार्यक्रम के दौरान गांव बुड़ाक में राखी का प्रशिक्षण देते वैज्ञानिक।*

कार्यक्रम के दौरान गांव के राजकीय उच्च विद्यालय एवं पशु चिकित्सालय में पौधारोपण किया गया। साथ ही ग्रामीणों को फलदार व छायादार पौधे वितरित किए गए और उन्हें पौधों की महत्ता से अवगत कराया गया। ग्रामीणों को अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान करते हुए वैज्ञानिकों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कोमल ने किया जिसमें डॉ. नरेश, सरपंच मेवा सिंह, प्रिंसीपल गायत्री, सुमन, संदीप कौर सहित अनेक ग्रामीण महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हैलो हिसार | 31.07.2021 | -- | -- |

# हरियाणा विधानसभा स्टेट पीटीशन कमेटी सदस्यों ने किया एचएयू का दौरा, कहा किसानों के लिए बेहतर कार्य कर रहा विश्वविद्यालय

हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में हरियाणा सरकार की विधानसभा स्टेट पीटीशन कमेटी की एक बैठक आयोजित हुई। इस बैठक का आयोजन यमुनानगर के विधायक एवं कमेटी के चैयरमैन घनश्याम दास अरोड़ा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक उपरांत सभी विधायकों को विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों व फार्म भ्रमण कराया गया। भ्रमण का नेतृत्व करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने बताया कि सभी विधायक विधानसभा की स्टेट पीटीशन कमेटी की मीटिंग के तहत विश्वविद्यालय में आए थे और उन्हें इसके लिए स्थान उपलब्ध कराया गया था। इसके उपरांत उन्हें विश्वविद्यालय का भ्रमण कराया गया जिसमें कपास अनुभाग, गिरी सेंटर, दीन दयाल उपाध्याय जैविक उत्कृष्टता केंद्र, एग्री बिजनेस इंक्युबेशन सेंटर, कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, केंद्रीय लैब आदि का भ्रमण कराया गया। सभी विधायकों ने एक स्वर में विश्वविद्यालय द्वारा किसानों के हित के लिए किए जा रहे अनुसंधान कार्यों व समय-समय पर दी जाने वाली कृषि सलाह को बहुत ही उपयोगी बताया। कमेटी के चैयरमेन घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि विश्वविद्यालय किसानों के लिए निरंतर प्रयासरत है जिसकी बदौलत केंद्रीय खाद्यान भंडारण में प्रदेश का महत्वपूर्ण स्थान है। इसके अलावा किसानों की फसलों की पैदावार निरंतर बढ़ रही है और



किसानों को विभिन्न फसलों की उन्नत किस्में व आधुनिक तकनीकें विश्वविद्यालय द्वारा मुहैया करवाई जा रही हैं। इसलिए किसानों को भी विश्वविद्यालय के साथ जुड़कर यहां मिलने वाली सभी जानकारियों व सुविधाओं का भरपूर फायदा उठाना चाहिए। बैठक में गोहाना के विधायक जगबीर सिंह मलिक, झज्जर की विधायक गीता भुक्कल, महम के विधायक बलराज कुंडू, रादौर के विधायक संजय सिंह, कलानौर की विधायक शकुंतला खटक, कैथल के विधायक लीलाराम सहित विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजवीर सिंह, ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, अनुसंधान निदेशक डॉ. एस.के. सहरावत आदि विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रामनिवास ढांडा, वित्त नियंत्रक नवीन जैन, एसवीसी कपिल अरोड़ा सहित सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता व निदेशक व विधानसभा कमेटी के सदस्य भी मौजूद रहे।